वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) : (क) से (घ) राष्ट्रीयकृत बैंकों के निदेशक मंडलों में गैर सरकारी निदेशकों को नियुक्ति, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबंध) स्कीम, 1970 और 1980 में निर्धारित मानदंडों के अनुसार की जाती है । इस समय, 20 राष्ट्रीयकृत बैंकों में से किसी भी बैंक के निदेशक-मण्डल में कोई गैर-सरकारी निदेशक नहीं है । अधिकांश, पद, जनवरी, 1985 से खाली है ।

स्वरोजगार कार्यक्रम

3511. **डा० अबरार अहमद खान** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्वरोजगार कार्यक्रम के अधीन कितनी राशि रखी गई थी और इसके अधीन सहायता लेने के लिये बैंकों ने अभी तक कितने आवेदनपत्र प्राप्त किये और साथ ही इस कार्यक्रम के अधीन कितने लोग लाभान्वित हुये ;

(ख) राजस्थान में ऐसे व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्होंने इस कार्यक्रम के अधीन अभी तक सहायता प्राप्त की है और उनमें से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की संख्या कितनी है ; और

(ग) देश में अल्पसंख्यक समुदायों के ऐसे लोगों की संख्या कितनी है जिन्होंने इस कार्यक्रम के अधीन सहायता प्राप्त की है ?

वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) : (क) से (ग) शहरी गरीबों के लिये स्वरोजगार योजना वर्ष 1986-87 के दौरान लागू की गई थी तथा इस योजना के अन्तर्गत बैंक ऋण की कोई मात्रा निर्धारित नहीं की गई । अलबत्ता, 1981 की जनगणना के अनुसार प्रत्येक शहरी केन्द्र में प्रत्येक 300 की आबादी पर एक हिताधिकारी को ऋण सहायता दी जानी है । वर्ष 1986-87 तथा 1987-88 के वास्तविक लक्ष्य, प्राप्त आवेदनों की संख्या तथा सारे देश के लिये तथा राजस्थान में मंजूर किये गये ऋण नीचे दिये गये हैं :—

(संख्या लाखों में)

वित्तीय वर्ष	वास्तविक लक्ष्य (अनुमानित)	प्राप्त आवेदनों की संख्या	मंजूर किये ऋणों की संख्या
अखिल भारतीय			
1986-87	5.00	5.36	3.41
1987-88	5.00	6,97	3.02
राजस्थान			
1986-87	0.23	0.30	0.20
1987-88	0.23	0.54	0.21

वर्ष 1988-89 की स्थिति वित्तीय वर्ष के अन्त तक ही ज्ञात हो सकेगी ।

बैंकों को वर्तमान आंकड़ा सूचना प्रणाली से शहरी गरीबों के लिये स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत ऋण-सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक समुदायों की अलग से सूचना प्राप्त नहीं होती है ।